# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 02.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड डीजीपी नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर अब 7 सितंबर को होगी अगली सुनवाई।
- जेपीएससी–जेएसएससी परीक्षाओं पर बढ़ा सियासी पारा; भाजपा ने मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन, कांग्रेस ने बताया राजनीतिक स्टंट।
- मतदाता पंजीकरण पर रांची में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, पहले दिन विशेषज्ञों ने निर्वाचन समावेशन और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर किया मंथन।
- राज्य में स्वाइन फ्लू का प्रकोप बढ़ा, 30 दिनों में मिले 36 नए मरीज, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जारी किए विशेष निर्देश।
- राज्य में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त; जामताड़ा में एक की मौत, पलामू में स्कूल बंद और कई नदियां उफान पर, डैमों के खोले गए फाटक।

*******************

राज्य में डीजीपी की नियुक्ति मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट न मिलने की बात कहे जाने पर अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 7 सितंबर तय की है। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की नियमावली को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ बताते हुए चुनौती दी है।

*******************

महिला सुपरवाइजर नियुक्ति मामले में झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। जेएसएससी के अधिवक्ता ने बताया कि चीफ जस्टिस एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत ने आयोग की अपील पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को तय की गई है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने दोनों विभागों द्वारा संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पार्टी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में हुई कथित धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने आंदोलनकारी छात्रों पर दर्ज एफआईआर को तत्काल रद्द करने और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई है।

*******************

प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा द्वारा मुख्य सचिव को सौंपे गए ज्ञापन और 48 घंटे के अल्टीमेटम पर तीखा पलटवार किया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रही है।

*******************

रांची के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ– एनयूएसआरएल में वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। पहले

दिन पैनल चर्चा और छह तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने मतदाता जागरूकता, निर्वाचन समावेशन और ऑनलाइन पंजीकरण पर विचार–विमर्श किया।

*******************

राज्य में स्वाइन फ्लू संक्रमण के मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। पिछले 30 दिनों में राज्य में 36 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें 18 बच्चे और किशोर शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि रांची के रिम्स और जमशेदपुर के एमजीएम में जांच की विशेष सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने सभी जिलों को संदिग्ध मरीजों की त्वरित जांच और दैनिक रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

*******************

भारतीय जीवन बीमा निगम –एलआईसी ने अपने गौरवशाली 70 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री जगदीश चंद्र मित्तल ने हजारीबाग में बताया कि एलआईसी की कुल संपत्ति 59 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। निगम ने देश के विकास में 55 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया है।

*******************

गिरिडीह में वाहन और मकान निर्माण पर 40 से 80 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले चार मुख्य आरोपियों को पचंबा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीएसपी आर.के. राणा ने बताया कि राधास्वामी संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सिन्हा और उनकी पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने करीब 30 से अधिक लोगों से 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की है।

*******************

पाकुड़ के अमडापाड़ा में भारी बारिश के बीच हथियारबंद तीन अपराधियों ने एक ज्वेलरी दुकान में दिनदहाड़े लाखों की लूट और दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की। एसडीपीओ विजय कुमार ने घटना की है।

*******************

राज्य में मानसून की सक्रियता के कारण लगातार हो रही बारिश अब आफत बनने लगी है। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण राज्य के अधिकांश जिलों में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है, जिससे कई जगहों पर जनजीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

*******समाप्त********